News Letter

मुक्त चिन्तन

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj



हम पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज

प्रोफेसर सीमा सिंह
कुलपति
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज
फोन नंबर ऑफिस: 0532 -2447028
फैक्स : 2447032

डॉ.अरुण कुमार गुप्ता
कुलसचिव
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विद्यालय, प्रयागराज
मोबाइल नंबर : 752 5048 0 31

श्री अजय कुमार सिंह
वित्त अधिकारी
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज
मोबाइल नंबर : 75250 48006

श्री डी पी सिंह
परीक्षा नियंत्रक
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज
मोबाइल नंबर : 75250 48009

इं. सुखराम मथुरिया
उप कुलसचिव
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज
मोबाइल नंबर : 75250 48023

कुलपति की कलम से

मानव को ज्ञानवान, सामर्थ्यवान तथा विवेकवान बनने और बनाने का एकमात्र साधन व माध्यम शिक्षा है। आइये हम सब शिक्षित और दीक्षित हों। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, आयु, स्थान, समय तथा रोजगार आदि के बन्धनों से मुक्त गुणवत्तापरक एवं लचीली उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में आपका स्वागत है। शिक्षार्थ आईये सेवार्थ जाइये। समसामयिक समस्याओं, सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्र उत्थान में भी यह विश्वविद्यालय निरन्तर अग्रसर है। यह नवाचारों के प्रति भी सहज और सजग है। To be a Virtual University के विजन, जीवन पर्यन्त रोजगार, कौशल विकास तथा मानव निर्माण की शिक्षा प्रदान करने के मिशन तथा ''हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहां'' जैसे सूत्र वाक्य के साथ यह विश्वविद्यालय वर्ष 1999 से समाज की शिक्षा सेवा में तत्पर है। भारत रत्न राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन के नाम पर तीर्थराज प्रयाग में अवस्थित ग्रीन एवं क्लीन मुख्यालय के तीन परिसरों के साथ यह विश्वविद्यालय उ०प्र० राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित वर्तमान के 12 क्षेत्रीय केन्द्रों तथा 1100 से अधिक अध्ययन केन्द्रों के माध्यम तथा समर्पित प्राध्यापकों व सहकर्मियों की सहायता से शिक्षार्थी समीपस्थ तथा अधिगम केन्द्रित उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय जन सामान्य चाहे महिला हो या ग्रामीण को सजग व जागरूक बनाने की गतिविधियाँ भी आयोजित व संचालित करता है। मुक्त चिंतन का प्रकाशन भी विश्वविद्यालय का इसी दिशा में एक प्रयास है। इस कार्य हेतु मैं श्री इन्दुभूषण पाण्डेय जी एवं अन्य सहयोगियों को साधुवाद देती हूँ तथा इसके सफल प्रकाशन की कामना करती हूँ। भारत उत्थान को समर्पित सभी पूर्वजों को नमन करते हुए मैं आशा करती हूँ कि यह विश्वविद्यालय देश, प्रदेश और समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने में अवश्य सफल होगा।

जय हिन्द !

Seema.
प्रो० सीमा सिंह
कुलपति

मुविवि में राजर्षि टंडन की जन्म तिथि पर आयोजन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जी के जन्म दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 संजय सिंह जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की प्रतिमा श्रद्धा सुमन अर्पित करते मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

राजर्षि टंडन भारतीयता के प्रतीक थे - प्रो0 सीमा सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा कि टंडन जी सेवा भावी थे। अपनी वाणी से और अपने जीवन से उन्होंने सदा लोगों को सेवा की ओर उन्मुख किया।

राजर्षि टंडन भारतीयता के प्रतीक थे। उनमें भारतीय आदर्शों के प्रति अत्यंत आदर था। सिद्धांत के पक्के थे। स्वभाव के संत, विचार के उच्च और कार्य के धनी राजर्षि टंडन का जीवन एकांगी नहीं था।

दया, करुणा एवं मानवीय गुणों से परिपूर्ण था राजर्षि टंडन का जीवन-प्रोफेसर संजय सिंह

राजर्षि टंडन विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। सत्य और स्वतंत्रता के अनन्य उपासक थे। उनका जीवन दया, करुणा एवं मानवीय गुणों से परिपूर्ण था। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में राजर्षि टंडन जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 संजय सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राजनीति में रहते हुए टंडन जी ने शुचिता बनाए रखी। टंडन जी राजनेताओं के लिए रोल मॉडल थे। दूसरों के दु:ख- सुख का उन्हें बेहद ख्याल रहता था। प्रो0 सिंह ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों को याद करते रहना चाहिए।

सामाजिक समरसता में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी- प्रोफेसर संजय सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, **प्रयागराज में रविवार को नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में उच्च शिक्षा में भविष्य के उपागम पर सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार के मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय** विश्वविद्यालय, **लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह** जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की। विषय प्रवर्तन शिक्षा विद्याशाखा के प्रभारी निदेशक प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि प्रो0 संजय सिंह जी का स्वागत एवं धन्यवाद कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, डॉ दिनेश सिंह, डॉ सतीश जैसल, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ सीके सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ अनिल सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

सामाजिक समरसता में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी- प्रोफेसर संजय सिंह

सेमिनार के मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 संजय सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता एवं सहयोग में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी है। यह सिर्फ शिक्षा ही नहीं वरन छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक है। प्रो0 सिंह ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुविषयक पाठ्यक्रम एवं शोध के क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को तैयार होना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह दायित्व है कि वह अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों में नीतिगत क्रियान्वयन करें तथा इसके लिए विद्यार्थियों को भी जागरूक करना होगा।

मुख्य अतिथि प्रो0 संजय सिंह

उन्होंने नवागंतुक शिक्षकों को संदेश दिया कि वह सिर्फ आंकड़ों पर ही नहीं बल्कि अकादमिक गुणवत्ता पर भी ध्यान दें शिक्षकों को हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। नई शिक्षा नीति छात्रों, शिक्षकों एवं देश के विकास में सकारात्मक तथा प्रभावकारी सिद्ध होगी।

बीबीएयू के कुलपति प्रो0 सिंह ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शोध कार्य प्रारंभ होने पर कुलपति प्रो0 सीमा सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोध से निश्चय ही समाज और देश के विकास में नवीन आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने शिक्षकों एवं शोध छात्रों का आह्वान किया कि वह निष्ठा पूर्वक शोध कार्य करें तथा शोध पत्रों का प्रकाशन करते रहें।

प्रो0सिंह ने कहा कि कोरोना काल में शिक्षा की उपयोगिता सिद्ध हुई है और पारंपरिक शिक्षण संस्थानों ने भी ऑनलाइन एजुकेशन को प्रभावी विकल्प के रूप में अपनाया है।

नई शिक्षा नीति सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी - प्रो0 सीमा सिंह

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा। नई शिक्षा नीति सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

माननीय कुलपति
प्रो0 सीमा सिंह

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रारम्भ

कुलपति ने किया जेल में परीक्षा का औचक निरीक्षण

बन्दी सुधार गृह नैनी में स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2021 की परीक्षाएं मंगलवार से प्रदेश के 123 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हो गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने आज केंद्रीय कारागार नैनी में बने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहां कई कैदी तल्लीनता से परीक्षा दे रहे थे। विश्वविद्यालय में पहली बार ओएमआर शीट पर परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। कुलपति ने जेल में परीक्षा व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त किया। नैनी जेल में आज 24 कैदियों ने परीक्षा दी।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के अंतिम सेमेस्टर और अंतिम वर्ष की परीक्षाओं का मंगलवार को आगाज हो गया। पहले दिन नैनी सेंट्रल जेल समेत प्रदेश के 123 केंद्रों पर आफलाइन मोड में परीक्षा आयोजित की गई। खुद कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह नैनी जेल परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंच गई। हालांकि, कहीं पर किसी तरह की समस्या नहीं आई।

बन्दी सुधार गृह नैनी में स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

03	अगस्त से विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुरू	14	तक आफलाइन मोड में केंद्रों पर होगी परीक्षा
48	हजार शिक्षार्थियों ने पहले दिन दी परीक्षा	80	हजार छात्र अलग-अलग दिनों में होंगे शामिल
01	में अधिकतम तीन प्रश्नपत्रों को ही किया गया है समाहित	60	प्रश्नों का एक प्रश्नपत्र तैयार किया गया है
1:30	घंटे में पूछे जाएंगे बहुविकल्पीय सवाल	24	कैदियों ने पहले दिन दर्ज कराई अपनी सहभागिता

निरीक्षण टीम में ये थे शामिल

विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्रों में कोविड-19 प्रोटोकाल के अंतर्गत परीक्षा का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान डीपी सिंह, बीपी सागर, डा. अरुण कुमार गुप्ता, डा. ज्ञान प्रकाश यादव, दिनेश सिंह, डा. सतीश जैसल, इंदुभूषण पांडेय आदि उपस्थित रहे।

जेल में 24 कैदियों ने दी परीक्षा

सत्र 2021 की परीक्षाएं मंगलवार से प्रदेश के 123 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से हुई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने केंद्रीय कारागार नैनी में बने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जेल में आज 24 कैदियों ने परीक्षा दी। पहली पाली में नौ, दूसरी में 10 और तीसरी पाली में तीन कैदी परीक्षा में शामिल हुए।

इनको कर दिया गया था प्रोन्नत

कोरोना की वजह से अंतिम सेमेस्टर और अंतिम वर्ष के शिक्षार्थियों को छोड़कर सभी को प्रोन्नत कर दिया गया था। सेमेस्टर और वार्षिक पद्धति के अंतर्गत संचालित सभी प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर और अंतिम वर्ष की परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया गया था। शेष सेमेस्टर के शिक्षार्थियों को अगले सेमेस्टर में प्रोन्नत कर दिया गया। स्नातक द्वितीय वर्ष के ऐसे शिक्षार्थी, जिन्हें प्रथम वर्ष में प्रोन्नत किया गया था और परिणाम द्वितीय वर्ष के अंक पर निर्धारित किया जाना था, ऐसे शिक्षार्थियों की भी परीक्षाएं कराई जाएंगी।

मानानीया कुलपति प्रो0 सिंह ने **विश्वविद्यालय** के सरस्वती परिसर में भी परीक्षा का जायजा लिया। **विश्वविद्यालय** के परीक्षा केंद्रों में कोविड.19 प्रोटोकाल के अंतर्गत परीक्षा का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान **जेलर,** श्री डी पी सिंह, श्री बी पी सागर, डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, दिनेश सिंह, डॉ सतीश जैसल आदि उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

महिला अध्ययन केन्द्र की गतिविधियों की रिपोर्ट

माह जुलाई 2021 में महिला महिला अध्ययनन केन्द्र द्वारा की गयी गतिविधियों की एक रिपोर्ट तैयार कर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो0 रूचि बाजपेयी, सह–समन्वयक डॉ0 श्रुति, सह–समन्वयक डॉ0 मीरा पाल एवं सहायक समन्वयक डॉ0 साधना श्रीवास्तव सदस्यों ने माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को दिया।

माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को महिला अध्ययन केन्द्र की रिपोर्ट प्रस्तुत करती हुई महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो0 रूचि बाजपेयी तथा साथ में सह–समन्वयक डॉ0 श्रुति, सह–समन्वयक डॉ0 मीरा पाल एवं सहायक समन्वयक डॉ0 साधना श्रीवास्तव

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना- मंडलायुक्त

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति- प्रोफेसर सीमा सिंह

भारतीय एकता का मूल तत्व–भारतीय संस्कृति : प्रो0 ओंकार नाथ सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबीनार

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय सांस्कृतिक विरासत विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के मुख्य वक्ता प्रो0 ओंकार नाथ सिंह, विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी जी रहे तथा मुख्य अतिथि श्री संजय गोयल आयुक्त प्रयागराज मंडल जी रहे एवं अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वेबीनार के संयोजक प्रो0 एस कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन डॉ. सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया।

राष्ट्रीय वेबीनार में डॉ. आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, श्री रमेश चंद्र यादव, डॉ. दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक सिंह, श्री मनोज कुमार तथा उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



मुख्य वक्ता प्रोफेसर ओंकार नाथ सिंह जी

भारतीय एकता का मूल तत्व–भारतीय संस्कृति : प्रो0 ओंकार नाथ सिंह

वेबीनार के मुख्य वक्ता प्रो0 ओंकार नाथ सिंह, विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने भारतीय संस्कृति को भारतीय एकता का मूल तत्व बताया। उन्होंने सिंधु सभ्यता के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला एवं काशी क्षेत्र में स्थित सारनाथ के ऐतिहासिक महत्व को उद्‌घटित करते हुए उन्होंने बौद्ध परिपथ, सारनाथ, लुंबिनी, बोधगया तथा कुशीनगर के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने गुजरात में धौलावीरा नामक पुरातात्विक स्थल को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत की सूची में शामिल किए जाने की नवीनतम जानकारी से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि श्री संजय गोयल जी
आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना– आयुक्त

मुख्य अतिथि श्री संजय गोयल आयुक्त प्रयागराज मंडल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना होता है। उन्होंने भारत देश को महापुरुषों की कर्म स्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। हमारे यहां अतिथि देवो भव की परंपरा भारतीय संस्कृति के मूल में रही है। मंडलायुक्त श्री गोयल ने भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि हम सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न जनजातियों गारो, खासी तथा जयंतिया की जीवन शैली का उल्लेख किया तथा भाषाओं की विविधता के साथ–साथ धार्मिक विविधता जैनधर्म, बौद्ध धर्म का सिख धर्म का भी उल्लेख किया। श्री गोयल ने भारत की विभिन्न परंपराओं, त्योहारों तथा गंगा जमुनी संस्कृति का उल्लेख करते हुए प्रयागराज के कुंभ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिपादित किया।

माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति– प्रोफेसर सीमा सिंह

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है। संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणा स्रोत है। जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्ष्य तथा आदर्शों का निर्माण करता है। संस्कृति संस्कारों की अभिव्यक्ति है। कुलपति प्रो0 सिंह ने प्राचीन भारत के महान विद्वानों तथा वैज्ञानिकों आर्यभट्ट, वराहमिहिर तथा पतंजलि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारत की धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्व समावेशी संस्कृति, मूल्यों, परम्पराओं तथा चिंतन का सुंदर समन्वय है।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए
डॉ0 संजय कुमार सिंह

पढ़ाई के तरीके में बदलाव और रिसर्च में मेहनत करने की जरूरत –शर्मा

वी0एम0ओ0यू0 और यू0पी0आर0टी0ओ0यू0 के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय वेबिनार

वर्धमान महावीर खुला वि”वविद्यालय कोटा और उत्तर प्रदे”ा राजर्षि टण्डन मुक्त वि”वविद्यालय प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 09 अगस्त, 2021 को शोध, नवाचार और रैंकिंग विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की अध्यक्षता वी0एम0ओ0यू0 के कुलपति प्रो0 आर0एल0 गोदारा ने की। मुख्य अतिथि यू0पी0आर0टी0ओ0यू0 की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह रहीं। मुख्य वक्ता राजस्थान वि”वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 के0एल0 शर्मा ने राष्ट्रीय ि”ाक्षा नीति 2020 की समालोचना प्रस्तुत करते हुये कहा कि शोध और ि”ाक्षण एक दूसरे के पूरक हैं यानी बिना शोध के ि”ाक्षण कैसा और बिना ि”ाक्षण के शोध संभव नहीं है। ि”ाक्षकों को शोध में और मेहनत करनी होगी, उन्हें अपने पढ़ाने के तौर–तरीकों को और मजबूत करना होगा। मुख्य अतिथि यू0पी0आर0टी0ओ0यू0 की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा कि शोध संस्कृति का विकास करना होगा और ऐसा वातावरण बनाया जाए जिससे शोधार्थियों को मुक्त रूप से कार्य करने का अवसर मिल सके। वी0एम0ओ0यू0 के कुलपति प्रो0 आर0एल0 गोदारा ने कहा कि शोध के लिए गहराई में जाना होगा और इसके लिए स्वयं को जाग्रत करना होगा। धन्यवाद ज्ञापन यू0पी0आर0टी0ओ0यू0 के निदे”ाक ि”ाक्षा विद्यापीठ प्रो0 पी0के0 पाण्डेय ने किया।

मुक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट नए कलेवर में

एक क्लिक पर मिलेगी छात्रों को सभी सूचनाएं

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की वेबसाइट अब नए कलेवर में दिखाई पड़ेगी। बुधवार को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने माउस क्लिक करके इसका उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। अब एक क्लिक पर सभी सूचनाएं एक साथ मिलेंगी।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबंधित सूचनाएं अब छात्रों को आसानी से मिल सकेंगी। इसीलिए वेबसाइट को छात्र केंद्रित बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर का निर्माण किया गया है। यहां छात्रों से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। वेबसाइट पर प्रवेश और परीक्षा के ऑनलाइन पोर्टल को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। प्रोफेसर सिंह ने बताया की यूनिवर्सिटी कार्नर पर विश्वविद्यालय से संबंधित सभी सूचनाएं एकत्रित की गई हैं। इसके साथ ही वेबसाइट पर राष्ट्रीय महत्त्व के कई संस्थानों का लिंक भी दिया गया है, जिससे छात्र आसानी से वहां पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय से शोधगंगा पोर्टल को जोड़ा गया है । शोधगंगा पर मुक्त विश्वविद्यालय के 335 शोधार्थियों की पीएचडी की थिसिस अपलोड की गई है। जिसे ऑनलाइन देखा जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक श्री डी पी सिंह, निदेशकगण डॉ ओम जी गुप्ता, डॉ पी पी दुबे,डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ जी एस शुक्ला, डॉ सत्यपाल तिवारी, प्रोफेसर पीके पांडे, प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, डॉ आर जे मौर्य, डॉ दिनेश सिंह, डॉ साधना श्रीवास्तव, धीरज रावत आदि उपस्थित रहे। वेबसाइट डेवलपर शहबाज अहमद ने वेबसाइट का प्रदर्शन किया।



स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी।

कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता

देश की प्रगति में हम अपना 100% योगदान दें-कुलपति

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति माननीय प्रो0 सीमा सिंह जी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी वैयक्तिकता का सम्मान करना है। अगर प्रत्येक व्यक्ति अपना 100% योगदान दे तो यह देश बहुत आगे जा सकता है। हम निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे तो प्रगति दिखाई देगी। हमें छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना होगा। जल का दुरुपयोग रोकना होगा तथा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। हमें यह शुरुआत अपने विश्वविद्यालय से ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान किया जाना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई विशेष गुण अवश्य होता है। प्रो0 सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए कहा कि देश को स्वतंत्रता दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने देश की सीमा पर तैनात जवानों के प्रति नमन एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता को बनाए रखने में उनका अक्षुण्ण योगदान है। उन्होंने संकल्प दिलाया कि न केवल विश्वविद्यालय की प्रगति वरन देश की प्रगति में भी सभी अपना अमूल्य योगदान करेंगे।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी से दिनांक 17 अगस्त 2021 को उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के निदेशक श्री सुरेश शर्मा जी ने शिष्टाचार भेंट की तथा विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे योगा कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 जी.एस. शुक्ल, निदेशक कृषि विज्ञान प्रो0 पी.पी. दुबे एवं वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह जी उपस्थित रहे।

मुक्त विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री होगी डिजिटल- कुलपति

सेमका से एमओयू करेगा मुक्त विश्वविद्यालय

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं कॉमनवेल्थ एजूकेशनल मीडिया सेन्टर फार एशिया (CEMCA) के साथ विभिन्न मुद्दों पर सहयोग हेतु दिनांक 18 अगस्त, 2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे ऑनलाइन बैठक आहूत की गई। बैठक में विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह, CEMCA के निदेशक, प्रो0 मधू परहार, CEMCA के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी श्री मानस रंजन पाणिग्रही, विश्वविद्यालय के सीका के निदेशक प्रो0 ओमजी गुप्ता, उपनिदेशक सीका प्रो0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाखा प्रो0 पी0पी0 दूबे, प्रभारी निदेशक शिक्षा विद्याशाखा प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, निदेशक मानविकी विद्याशाखा प्रो0 सत्यपाल तिवारी एवं प्रभारी समाज विज्ञान प्रो0 संतोषा कुमार उपस्थित रहे।

सेमका, नईदिल्ली की निदेशक प्रो0 मधु परहार ने सहयोग के विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण किया।

जिसमें विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग, वर्कशॉप का आयोजन, ओईआर पॉलिसी में आवश्यक सुधार हेतु विश्वविद्यालय का सहयोग तथा विभिन्न कार्यक्रमों में आईसीटी का प्रयोग आदि पर चर्चा की गई।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रकाशित अध्ययन सामग्री को डिजिटल फॉर्म में रूपांतरित किए जाने तथा विश्वविद्यालय में स्थित ऑडियो विज़ुअल लैब को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित किए जाने हेतु सेमका से परामर्श की अपेक्षा की।

कुलपति प्रो0 सीमा सिंह

विश्वविद्यालय के सीका के निदेशक प्रो0 ओमजी गुप्ता ने कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अपेक्षा अनुसार अशिक्षितों के लिए नान क्रेडिट कोर्सेज (प्रशिक्षण आधारित कोर्स) को बनाए जाने के लिए सेमका से सहयोग की अपेक्षा की। सीका के उप निदेशक प्रो0 आशुतोष गुप्ता ने शिक्षकों के लिए सेमका द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन सहित ओ.ई.आर. के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

कामनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया ने एशिया के विभिन्न देशों में भारत सहित बांग्लादेश, ब्रूनेई, मलेशिया, पाकिस्तान, सिंगापुर में स्थित विशेषतया मुक्त विश्वविद्यालयों से एमओयू किया है। इसी कड़ी में उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करने के लिए आज इस बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपस्थित विश्वविद्यालय के निदेशक एवं शिक्षक

मुक्त विश्वविद्यालय के निदेशक एवं प्रभारी निदेशकों की बैठक

बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं उपस्थित विद्याशाखाओं के निदेशक, प्रभारी निदेशक एवं कुलसचिव

माननीया कुलपति महोदया जी के अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समस्त विद्याशाखाओं के निदेशक एवं प्रभारी निदेशकों की पी.एच.डी. प्रवेश समिति द्वारा प्रस्तुत कार्यवृत्त पर विचार हेतु दिनांक 19 अगस्त 2021 को पूर्वाहन 11:30 बजे एक बैठक कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक में प्रो. ओम जी गुप्ता, निदेशक, प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा, प्रो. पी. पी. दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा, प्रो. आशुतोष गुप्ता, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, प्रो. पी.के. पाण्डेय, प्रभारी निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा, प्रो. संतोष कुमार, प्रभारी, समाज विज्ञान विद्याशाखा एवं कुलसचिव डॉ. अरुण कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

मुक्त चिन्तन

19 अगस्त, 2021

मुक्त विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष में सेमिनार का आयोजन

21 वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप है नई शिक्षा नीति- प्रोफेसर वैशंपायन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में गुरुवार को नई शिक्षा नीति 2020 पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति प्रो0 जयंत विनायक वैशंपायन जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय तथा कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 वैशंपायन ने मुक्त विश्वविद्यालय से जुड़े कई संस्मरण सुनाए। प्रारंभ में कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो0 वैशंपायन का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो0 ओम जी गुप्ता, प्रो0 पी.पी. दुबे, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, प्रो0 पी.के. पाण्डेय, प्रो0 एस. कुमार, डॉ अरुण कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ मीरा पाल, डॉ दिनेश सिंह, डॉ सतीश चंद जैसल, डॉ श्रुति, डॉ अनिल सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

21 वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप है नई शिक्षा नीति- प्रोफेसर वैशंपायन

सेमिनार के मुख्य अतिथि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति प्रो0 जयंत विनायक वैशंपायन ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य 21वीं शताब्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप है। उसको लागू करने में जो समस्याएं हैं उनका समाधान करते हुए हमें आगे बढ़ना है। यह नीति तभी अच्छी तरह से लागू हो सकती है। प्रो0 वैशंपायन ने कहा कि इसकी प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए कि वर्तमान व्यवस्था को परिवर्तित किए बिना धीरे-धीरे इसे आगे बढ़ाया जाए। जिससे यह नीति सफलतापूर्वक लागू हो सके।

उन्होंने कहा कि आज छात्र और शिक्षक के बीच की दूरी बढ़ गई है। न तो छात्र क्लास रूम में पढ़ना चाहते हैं और न ही शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं। इस खाई को पाटना होगा। शिक्षण कार्य एक पुरस्कार की तरह है। इसीलिए शिक्षकों को पढ़ाने में रुचि लेनी चाहिए।

प्रो0 जयंत विनायक वैशंपायन

बैठक में

उपस्थित विश्वविद्यालय

के

अधिकारी, विद्याशाखओं के निदेशक,
प्रभारी निदेशक एवं शिक्षक

नई शिक्षा नीति से शिक्षा जगत में नया बदलाव आएगा - प्रो0 सीमा सिंह

माननीय कुलपति
प्रो0 सीमा सिंह

अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा जगत में नया बदलाव आएगा। यह जहां विद्यार्थियों के लिए अत्यंत रुचिकर होगी, वहीं शिक्षकों को भी नए अवसर मिलेंगे।

मा0 अतिथिगणों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

माननीया कुलपति जी ने क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ का किया औचक निरीक्षण

क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ का निरीक्षण करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी तथा साथ में लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की क्षेत्रीय परामर्शदाता डॉ. अलका वर्मा

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का शनिवार को विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने निरीक्षण किया।

प्रो0 सिंह ने क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण करके प्रवेश की स्थिति और अध्ययन केंद्रों से प्राप्त अधिन्यास अंको की प्रविष्टि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी में स्थित यह क्षेत्रीय कार्यालय एक आदर्श केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय केंद्र तक आने वाले सभी छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। शिक्षार्थी के समस्या का समाधान स्थल पर ही निस्तारित किया जाए।

गोहरी गॉव में महिला ि”ाक्षा जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 26.08.2021 को प्रयागराज के सोरांव विकास खण्ड स्थित वि”वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गोहरी ग्राम में महिला महिला अध्ययन केन्द्र की ओर से ''महिला ि”ाक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान में समन्वयक प्रो0 रूचि बाजपेई के साथ–साथ सह–समन्वयक डॉ0 मीरा पाल, सहायक समन्वयक डॉ0 साधना श्रीवास्तव तथा महिला अध्ययन केन्द्र की कार्यकारी समिति के प्राध्यापक और पराम”ार्दाता डॉ0 अतुल कुमार मिश्रा, डॉ0 ि”ावेन्द्र प्रताप सिंह तथा श्री राजे”ा गौतम को सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में चन्द्रप्रका”ा और श्री मुन्नाराम भी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान श्री चमेला देवी और उनके पुत्र श्री ि”ावपूजन जी के प्रभावी सहयोग से एवं ग्रामीण महिलाओं की उत्साही भागीदारी ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की शुरूआत में समन्वयक प्रो0 रूचि बाजपेई ने महिलाओं व अन्य उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुये कार्यक्रम का परिचय दिया। तदुपरान्त सह–समन्वयक डॉ0 मीरापाल ने अपने वक्तव्य में महिलाओं की पारंपरिक ि”ाक्षा के साथ–साथ व्यावसायिक ि”ाक्षा पर जोर दिया जिससे महिलाएँ स्वरोजगार के द्वारा स्वावलम्बी और स”ाक्त बन सकें। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से महिलाएं सूक्ष्म एवं लघु कुटीर उद्योगों जैसे सिलाई, कढ़ाई, बुनाई तथा अन्य ि”ाल्प कलाओं, घरेलू कौ”ाल आदि द्वारा आर्थिक आत्मनिर्भरता की दि”ाा में आगे बढ सकती है। डॉ0 मीरा पाल ने वि”वविद्यालय के कौ”ालपरक तथा रोजगारान्मुख कार्यक्रमों के विषय में ग्रामीण महिलाओं को मार्गद”ार्न दिया। श्री राजे”ा गौतम ने भी महिलाओं में शैक्षिक जागरूकता लाने के लिए उन्हें विविध प्रकार की जानकारियों से अवगत कराया। महिला अध्ययन केन्द्र के समन्वयकों और ि”ाक्षकों ने ग्रामीणों को कोविड–19 महामारी से रोकथाम हेतु सैनिटाईजर इत्यादि के प्रयोग हेतु जागरूक किया और प्रतिभागी महिलाओं तथा बच्चों को मास्क भी वितरित किए गए। वि”वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी के लिये प्रवे”ा विवरणिकाएं बांटी गयीं। ि”ाक्षा और स्वावलम्बन के प्रतीक रूप में प्रतिभागियों तथा सदस्यों को डॉटपेन भी भेंट किए गए।

गोहरी ग्राम में आत्मनिर्भरता हेतु स्वरोजगाकर की दि”ाा में कुछ जागरूक महिलाएं अपने द्वारा बनाई गये सामग्री भी लेकर आई थी जिसको महिला अध्ययन केन्द्र के सदस्यों ने अवलोकन किया तथा 2–3 नमूने भी क्रय किए गए, जिससे ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। सहायक समन्वयक डॉ0 साधना श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि ि”ाक्षा ही एक ऐसा माध्यम हे जिससे हम अपनी झिझक दूर कर सकते है और अपनी बातों तथा अधिकारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकते है। स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाएँ अपने सामान को बाजार तक पहुंचाकर उनका उचित मूल्य प्राप्त कर सकती है।

इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं में वि”ोष उत्साह देखने को मिला और महिला अपने भविष्य के प्रति सजग तथा आत्मनिर्भरता की दि”ाा में प्रयास हेतु उत्साही दिखाई पडी। ग्राम प्रधान के वि”ोष सहयोग से गोहरी ग्राम में महिला उत्थान गतिविधियों की गुणवत्ताा के प्रति केन्द्र अत्यन्त आ”ाावान एवं वि”वस्त है।

समन्वयक प्रो0 रूचि बाजपेई ने अपने वक्तव्य में यह भी बताया कि ि”ाक्षा का दायरा बहुत विस्तृत है। इसके अन्तर्गत केवल परंपरागत औपचारिक ि”ाक्षा ही नहीं अपितु सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य ि”ाक्षा, परिवार ि”ाक्षा, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की ि”ाक्षा, आत्मनिर्भरता के लिए व्यावसायिक और रोजगारपरक जानकारियां आदि सभी सम्मिलित है।

10 शहरों में बीएड एवं बीएड स्पेशल की प्रवेश परीक्षा कल

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा-2021 का आयोजन 28 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा- 2021 के संयोजक प्रो0 पी. के. पाण्डेय ने बताया कि बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा प्रदेश के 10 शहरों आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज तथा वाराणसी में संपन्न कराई जाएगी।

प्रो0 पाण्डेय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में 8142 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कोविड-19 गाइडलाइन का अनुपालन कराते हुए आयोजित की जाएगी।

कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने आज प्रवेश परीक्षा समिति तथा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन से परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कराने के लिए आग्रह किया गया है। प्रयागराज में 1600 से अधिक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज में 4 परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर एवं गंगा परिसर के अतिरिक्त राजकीय इंटर कॉलेज एवं भारत स्काउट एंड गाइड कॉलेज में बनाए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक श्री डी. पी. सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करके अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

80 प्रतिशत ने दी बीएड एवं बीएड स्पेशल प्रवेश परीक्षा

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा- 2021 प्रदेश के 10 शहरों में सकुशल आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए 80 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय सहित शहर में बनाए गए परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज और भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा- 2021 के संयोजक प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय ने बताया कि बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा प्रदेश के 10 शहरों आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज तथा वाराणसी में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई।

प्रो0 पाण्डेय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में 16 परीक्षा केंद्रों पर 8142 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें से 80% छात्र ही परीक्षा में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 गाइडलाइन का अनुपालन किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल शीघ्र घोषित किया जाएगा। पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक परीक्षा आयोजित करने पर उन्होंने क्षेत्रीय केंद्रों के समन्वयकों, केंद्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों एवं कोर कमेटी के सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

सत्र जून 2021 की परीक्षाओं का परिणाम घोषित करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा साथ में प्रभारी निदेशक शिक्षा विद्याशाखा प्रो0 पी0के0 पाण्डेय एवं परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं का परिणाम घोषित

16 अगस्त को समाप्त हुई थी परीक्षाएं

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र जून- 2021 की परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित कर दिया गया। विश्वविद्यालय ने पहली बार ओएमआर शीट पर परीक्षा का आयोजन कराया था। शनिवार को कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। इस अवसर पर शिक्षा विद्या शाखा के प्रभारी प्रो0र पी0 के0 पाण्डेय एवं परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय ने जून 2021 के अंतिम वर्ष एवं अंतिम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की परीक्षाएं गत 3 अगस्त से 16 अगस्त 2021 तक आयोजित कराई थी। विश्वविद्यालय ने रिकॉर्ड समय में परीक्षा परिणाम की घोषणा करके शासन को अवगत कराया।

विश्वविद्यालय के परिसरों में नवनिर्मित टायलेट ब्लाक का शासन ने किया निरीक्षण

यमुना परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) एवं महिला रेस्ट रूम का निरीक्षण करते हुए शासन के अधिकारीगण।

विश्वविद्यालय के परिसरों में नवनिर्मित टायलेट ब्लाक का शासन ने किया निरीक्षण

विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में टायलेट ब्लाक के निर्माण हेतु शासन से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष यमुना परिसर एवं सरस्वती परिसर में निर्मित टायलेट ब्लाक का निरीक्षण दिनाँक 31–08–2021 को श्री श्रवण कुमार सिंह, विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता कार्यदायी संस्था सी. एण्ड डी.एस., यूनिट–33 के परियोजना प्रबन्धक श्री आर.बी. चंचल तथा जे.ई श्री राजेन्द्र उपस्थित थे।

सरस्वती परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) का मुख्य द्वार

सरस्वती परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) का पुरूष रेस्ट रूम

सरस्वती परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) के पुरूष वाश बेसिन

सरस्वती परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) का महिला रेस्ट रूम

यमुना परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) का मुख्य द्वार

यमुना परिसर स्थित वाशरूम (टायलेट ब्लाक) के पुरूष एवं महिला वाश बेसिन

अमर चेतना

(हिन्दी दैनिक) (प्रातः कालीन संस्करण) फतेहपुर, गुरुवार, 12 अगस्त 2021 E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com

मुक्त विविः वेबसाइट में एक क्लिक पर मिलेगी छात्रों को सभी सूचनाएं

प्रयागराज, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की वेबसाइट अब नए कलेवर में दिखाई देगी। बुधवार को कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने इसका उद्घाटन किया। कुलपति ने बताया कि वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। अब एक क्लिक पर सभी सूचनाएं एक साथ मिलेंगी। उन्होंने बताया कि वेबसाइट को छात्र केंद्रित बनाया गया है। वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर का निर्माण किया गया है। यहां छात्रों से सम्बंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। वेबसाइट पर प्रवेश और परीक्षा के ऑनलाइन पोर्टल को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। प्रो. सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी कार्नर पर विश्वविद्यालय से सम्बंधित सभी सूचनाएं एकत्रित की गई हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय महत्व के कई संस्थानों का लिंक भी दिया गया है, जिससे छात्र आसानी से वहां पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय से शोधगंगा पोर्टल को जोड़ा गया है। शोधगंगा पर मुक्त विवि के 335 शोधार्थियों की पीएचडी की थिसिस अपलोड की गई है। जिसे ऑनलाइन देखा जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डी.पी सिंह, निदेशकगण डॉ ओमजी गुप्ता, डॉ पी.पी दुबे, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ दिनेश सिंह, डॉ साधना श्रीवास्तव, धीरज रावत आदि उपस्थित रहे।

दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग

वर्ष : 27 | अंक : 282 प्रयागराज | गुरुवार, 12 अगस्त-2021 पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

मुक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट नए कलेवर में

एक क्लिक पर मिलेगी छात्रों को सभी सूचनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की वेबसाइट अब नए कलेवर में दिखाई पड़ेगी। बुधवार को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने माउस क्लिक करके इसका उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। अब एक क्लिक पर सभी सूचनाएं एक साथ मिलेंगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से संबंधित सूचनाएं अब छात्रों को आसानी से मिल सकेंगी। इसीलिए वेबसाइट को छात्र केंद्रित बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर का निर्माण किया गया है। यहां छात्रों से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। वेबसाइट पर प्रवेश और परीक्षा के ऑनलाइन पोर्टल को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। प्रोफेसर सिंह ने बताया की यूनिवर्सिटी कार्नर पर विश्वविद्यालय से संबंधित सभी सूचनाएं एकत्रित की गई है। इसके साथ ही वेबसाइट पर राष्ट्रीय महत्व के कई संस्थानों का लिंक भी दिया गया है, जिससे छात्र आसानी से वहां पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय से शोधगंगा पोर्टल को जोड़ा गया है। शोधगंगा पर मुक्त विश्वविद्यालय के 335 शोधार्थियों की पीएचडी की थिसिस अपलोड की गई है। जिसे ऑनलाइन देखा जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह, निदेशकगण डॉ ओम जी गुप्ता, डॉ पी पी दुबे, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ जी एस शुक्ला, डॉ सत्यपाल तिवारी, प्रोफेसर पीके पांडे, प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, डॉ आर जे मौर्य, डॉ दिनेश सिंह, डॉ साधना श्रीवास्तव, धीरज रावत आदि उपस्थित रहे। वेबसाइट डेवलपर शहबाज अहमद ने वेबसाइट का प्रदर्शन किया।

सहजसत्ता

www.sahajsatta.in facebook.com/sahajsatta.allahabad
सत्य की सत्ता को समर्पित

मुक्त विवि : वेबसाइट में एक क्लिक पर मिलेगी छात्रों को सभी सूचनाएं

प्रयागराज(नि.सं.)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की वेबसाइट अब नए कलेवर में दिखाई देगी। बुधवार को कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने इसका उद्घाटन किया। कुलपति ने बताया कि वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। अब एक क्लिक पर सभी सूचनाएं एक साथ मिलेंगी। उन्होंने बताया कि वेबसाइट को छात्र केंद्रित बनाया गया है। वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर का निर्माण किया गया है। यहां छात्रों से सम्बंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। वेबसाइट पर प्रवेश और परीक्षा के ऑनलाइन पोर्टल को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। प्रो. सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी कार्नर पर विश्वविद्यालय से सम्बंधित सभी सूचनाएं एकत्रित की गई हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय महत्व के कई संस्थानों का लिंक भी दिया गया है, जिससे छात्र आसानी से वहां पहुंच सकते है। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय से शोधगंगा पोर्टल को जोड़ा गया है। शोधगंगा पर मुक्त विवि के 335 शोधार्थियों की पीएचडी की थिसिस अपलोड की गई है। जिसे ऑनलाइन देखा जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डी.पी सिंह, निदेशकगण डॉ ओमजी गुप्ता, डॉ पी.पी दुबे, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ जी.एस शुक्ला, डॉ सत्यपाल तिवारी, प्रो पी.के पांडे, प्रो. एस कुमार, प्रो रुचि बाजपेई, डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, डॉ आर.जे मौर्य, डॉ दिनेश सिंह, डॉ साधना श्रीवास्तव, धीरज रावत आदि उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने व्यक्त किए। वह राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के जन्मदिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में रहते हुए पुरुषोत्तम दास टंडन जी ने शुचिता बनाए रखी। वह राजनेताओं के लिए रोल मॉडल थे। दूसरों के दुख-सुख का भी ख्याल रखते थे।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि पुरुषोत्तम दास टंडन सेवा भावी थे। अपनी वाणी और जीवन से उन्होंने सदा लोगों को सेवा की ओर उन्मुख किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत परिसर में स्थापित राजर्षि टंडन की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई।

समरसता व सहयोग स्थापित करने में भी मदद मिलती है। यह कहना है बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह का। वह रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में विचार रख रहे थे। प्रो. संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुविषयक पाठ्यक्रम एवं शोध के क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को तैयार होना होगा। नवागंतुक शिक्षक सिर्फ आंकड़ों पर नहीं बल्कि अकादमिक गुणवत्ता पर ध्यान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा।

विश्वविद्यालय में रविवार को नई शिक्षा नीति 2020 को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता एवं सहयोग में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी है।

यह सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए मुक्त विवि की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा। विषय प्रवर्तन प्रो. प्रदीप कुमार पांडेय और स्वागत प्रो. संजय सिंह ने किया। ब्यूरो

विश्वविद्यालय समेत कॉलेजों एवं स्कूलों में विविधि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुक्त विवि में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबा साहब भीरामराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि राजर्षि टंडन विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। सत्य और स्वतंत्रता के अनन्य उपासक थे। उनका जीवन दया, करुणा एवं मानवीय गुणों से परिपूर्ण था कहा कि राजनीति में रहते हुए पुरुषोत्तम दास टंडन ने शुचिता बनाए रखी। वह राजनेताओं के लिए रोल मॉडल थे। हमें अपने महापुरुषों को याद करते रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्त विवि की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने की।

मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में उच्च शिक्षा में भविष्य के उपागम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता एवं सहयोग में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी है। यह सिर्फ शिक्षा ही नहीं वरन छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुविषयक पाठ्यक्रम एवं शोध के क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को तैयार होना होगा। विश्वविद्यालय का दायित्व है कि वे अपने पाठ्यक्रमों में नीतिगत क्रियान्वयन करें। इसके लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना होगा।

हिन्दुस्तान

युवा हिन्दुस्तान 04

नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को नई शिक्षा नीति 2020 पर ऑनलाइन सेमिनार हुई। मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता एवं सहयोग में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी है। कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी। विषय प्रवर्तन शिक्षा विद्या शाखा के प्रभारी प्रो. प्रदीप पांडेय ने किया।

अमर चेतना

(प्रातः कालीन संस्करण) फतेहपुर, सोमवार, 02 अगस्त 2021 E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com

फतेहपुर, सोमवार, 02 अगस्त 2021

राजर्षि टंडन विलक्षण प्रतिभा के धनीः प्रो संजय सिंह

प्रयागराज, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में राजर्षि टंडन के जन्म दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो संजय सिंह ने कहा राजर्षि टंडन विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। सत्य और स्वतंत्रता के अनन्य उपासक थे। उनका जीवन दया, करुणा एवं मानवीय गुणों से परिपूर्ण था।
उन्होंने कहा कि राजनीति में रहते हुए राजर्षि टंडन ने शुचिता बनाए रखी। वह राजनेताओं के लिए रोल मॉडल थे। दूसरों के दुःख-सुख का उन्हें बेहद ख्याल रहता था। उन्होंने कहा कि हमें अपने महापुरुषों को याद करते रहना चाहिए। मुक्त विवि की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि टंडनजी सेवा भावी थे। अपनी वाणी से और अपने जीवन से उन्होंने सदा लोगों को सेवा की ओर उन्मुख किया। राजर्षि टंडन भारतीयता के प्रतीक थे। उनमें भारतीय आदर्शों के प्रति अत्यंत आदर था। सिद्धांत के पक्के थे। स्वभाव के संत, विचार के उच्च और कार्य के धनी राजर्षि टंडन का जीवन एकांगी नहीं था। कुलपति ने कहा कि राजर्षि टंडन का नाम हमेशा आदर के साथ लिया जाता रहेगा। वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो संजय सिंह, मुक्त विवि की कुलपति प्रो सीमा सिंह एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं, कर्मचारियों ने परिसर में स्थापित राजर्षि टंडन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

Voice Of Allahabad NEWS — हिन्दी दैनिक वॉइस ऑफ इलाहाबाद

R.N.I No. UPHIN/2014/59094
प्रयागराज वर्ष : 07 अंकः 253 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया सोमवार 02 जुलाई 2021
खबर वही जो सच हो...
Voice Of Allahabad - Hindi Dainik E-mail:-voiceofallahabadnews@gmail.com www.voiceofallahabad.com

राजर्षि टंडन विलक्षण प्रतिभा के धनीः प्रो संजय सिंह

